हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
अनुसूचित जाति, जनजाति समुदायों के समग्र विकास को लेकर मंथन



## खबर संक्षेप

### किसान वैज्ञानिक खेती की ओर हो रहे अग्रसर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में किसान तेजी से वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हैं। नैनो उर्वरक फसलों को संतुलित पोषण प्रदान करने के साथ उर्वरक प्रबंधन को अधिक प्रभावी और किफायती बना रहे हैं। इससे लागत में कमी, संसाधनों के बेहतर उपयोग और उत्पादन क्षमता में वृद्धि को बढ़ावा मिल रहा है। आधुनिक तकनीक से सशक्त कृषि किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई राह प्रशस्त कर रही है। जशपुर जिले में भी किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

### जिले में अब तक 3 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 110.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 8 जून तक सामान्य औसत वर्षा 118.7 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 3.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 5.9 मिमी, मनोरा में 17.9 मिमी, कुनकुरी में 16.4 मिमी, दुलदुला में 1.5 मिमी, फरसाबहार में 15.9 मिमी, बगीचा में 5.6 मिमी, कांसाबेल में 30.7 मिमी, पत्थलगांव में 9.5 मिमी, सन्ना में 7.1 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 30.7 मिमी दर्ज की गई है। 8 जून को सर्वाधिक कुनकुरी में 3 मिमी वर्षा हुई।

### टेंट की रस्सी गले में फंसने से युवक की मौत

**रायगढ।** खरसिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। सेंटरिंग का सामान लेकर लौट रहे पिकअप वाहन में सवार युवक टेंट की रस्सी की चपेट में आ गया, जिससे वह वाहन से नीचे गिर पड़ा। हादसा इतना भयावह था कि युवक के गले में गंभीर चोट आने के साथ उसका एक कान भी शरीर से अलग हो गया। इस हादसे की वजह से युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ युवक पिकअप में सेंटरिंग का सामान लेकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में एक स्थान पर धार्मिक आयोजन के लिए टेंट लगाया गया था। बताया जा रहा है कि वाहन जब आयोजन स्थल के पास से गुजर रहा था, तभी टेंट की बंधी रस्सी वाहन में सवार युवक वीरेंद्र सोनी के गले में उलझ गई। रस्सी के जोरदार झटके से वह सीधे सड़क पर जा गिरा। घटना के बाद वाहन में मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर खरसिया पुलिस ने जांच शुरू की।

### व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री को भेजा ज्ञापन

**रायगढ़।** खाद्य कारोबार से जुड़े छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत दिलाने की मांग को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी सीएआईटी ने केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की है। संगठन ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को ज्ञापन भेजकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों को सरल और व्यापार-अनुकूल बनाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में लागू लाइसेंस नवीनीकरण और प्रशिक्षण संबंधी प्रक्रियाएं अत्यधिक जटिल हैं, जिससे छोटे कारोबारियों को अनावश्यक आर्थिक और प्रशासनिक बोझ उठाना पड़ रहा है। सीएआईटी के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि बार-बार लाइसेंस का नवीनीकरण कराने और अनिवार्य प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को पूरा करने में व्यापारियों का समय और धन दोनों खर्च होते हैं। ऐसे में नियमों को व्यावहारिक और सरल बनाने की आवश्यकता है। रायगढ़ के व्यापारिक संगठनों और स्थानीय व्यापारियों ने भी इस पहल का समर्थन किया है।

## बेतरा में पुलिस जन-चौपाल, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

# शांति व सौहार्द्र का वातावरण स्थापित करना भी पुलिस का कामः एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम बेतरा में रविवार को पुलिस जन-चौपाल का आयोजन किया गया। इस जन-चौपाल में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात कुंज राम चौहान, कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षक सुषमा भगत, महिला आरक्षक मधु मंजरी तिर्की, महिला आरक्षक शर्मिला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ ग्रामीणों को दी गई पुलिस मितान योजना की विस्तृत जानकारी

जन-चौपाल के दौरान डीआईजी एवं एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए जशपुर पुलिस द्वारा संचालित ३पुलिस मितान३ अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस मितान का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को मजबूत करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं, विवादों एवं अपराधों की सूचना समय पर पुलिस तक पहुंच सके तथा उनका त्वरित निराकरण किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से पुलिस मितान के माध्यम से पुलिस के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने एवं अपने गांव को ⏭ शेष पेज 4 पर



**सुरक्षा देना पुलिस का उद्देश्यः** इस अवसर पर डीआईजी एवं एसएसपी डॉ.सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली, नागरिकों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों तथा पुलिस की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि आमजन को सुरक्षा प्रदान करना, कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा समाज में शांति एवं सौहार्द का वातावरण स्थापित करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत, विवाद अथवा अपराध की जानकारी मिलने पर पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है।

### नियमों की न करें अनदेखी

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात कुंज राम चौहान ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश जनहानि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना केवल कानूनी बाध्यता ही नहीं, बल्कि स्वयं एवं परिवार की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वाहन चलाते समय तेज गति, लापरवाही, मोबाइल फोन के उपयोग तथा नशे की अवस्था में वाहन चलाने से बचने की सलाह दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सड़क पर सावधानी और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाकर अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है तथा अनमोल जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

### पुलिस के इस पहल की सराहना

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जशपुर पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस जन-चौपाल जैसे कार्यक्रमों से पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास बढ़ता है तथा ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर प्राप्त होता है। जन-चौपाल का समापन ग्रामीणों को कानून का पालन करने, नशामुक्त जीवन अपनाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा गांव में शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा बनाए रखने के संदेश के साथ किया गया।

## शिक्षक महेश ने एक स्वर्ण, दो रजत के साथ बढ़ाया जिले का मान



**जशपुरनगर।** संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा 14वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन 5 से 7 जून तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया, संघ के द्वारा विभिन्न खेलों को एक मंच देकर लोगों को खेल के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया गया, छत्तीसगढ़ राज्य से 20 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया।

छत्तीसगढ़ राज्य ने इस प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण पदक एवं 2 रजत प्राप्त किया, जशपुर जिले के कुनकुरी विकास खंड के शासकीय प्राथमिक शाला डीपाटोली में पदस्थ शिक्षक महेश तिर्की ने 40+ ऐज कैटेगरी में 800 मीटर दौड़ मे स्वर्ण पदक, 400 एवं 200 मीटर में रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया, इससे पूर्व भी महेश तिर्की ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए कई मैडल जीतें हैं। उन्होंने आल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पांच बार छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व किया है उनके इस सफलता से शिक्षा विभाग एवं कुनकुरी में खुशी का महौल है शिक्षक ने निरंतर अभ्यास दृढ़ संकल्प और लगन से सफलता प्राप्त की है।




# बिरहोर परिवार को दिया जा रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम पंचायत बुलडेगा बिरहोर परिवार की आजीविका के लिए उन्हें महिला स्वच्छता समूह से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में विभागों द्वारा योजना बनाकर हितग्राही को मुख्य धारा से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

बिरहोर परिवारों की आजीविका के लिए विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, लाख पालन, कृषि के संबंध में अन्य योजनाओं से उनको शासकीय लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान जनपद सीईओ, सरपंच, सचिव, एग्रीकल्चर विभाग, होर्टीकल्चर विभाग, वेटनेरी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### महिला पंच की फांसी पर लटकी मिली लाश

**रजपुरीकला।** ग्राम पंचायत अमगसी में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब गांव के समीप जंगल में लकड़ी लेने गई महिला पंच की लाश पेड़ पर फांसी में लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमगसी निवासी महिला पंच सनीता पैकरा पति आलोक पैकरा (25 वर्ष) तड़के 5 बजे परिजन को जंगल में लकड़ी लेने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। दोपहर तक जब महिला घर वापस नहीं लौटी तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजन जैसे ही जंगल में पहुंचे तो महिला के एक पेड़ पर मृत हालत में फांसी में लटके देख उनके होश उड़ गए।

## रौनियार समाज को मिली बोरवेल की सौगात




**जशपुरनगर।** कुनकुरी के रौनियार समाज को पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल की सौगात मिली है। जानकारी के अनुसार, बेमता टोली जनपद पंचायत कुनकुरी अंतर्गत स्थित समाज के नवनिर्मित भवन में पेयजल की आवश्यकता को लेकर समाज की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद कुनकुरी विधायक एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए बोर उत्खनन की स्वीकृति प्रदान की। बताया गया कि युवा नेता शिव गुप्ता के आवेदन, जिला अध्यक्ष भरत सिंह तथा मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की अनुशंसा पर यह स्वीकृति प्रदान की गई।

# सीड बॉल बनाकर प्रकृति बचाने की तैयारी, वनीकरण पर जोर

**जशपुरनगर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत दुलदुला के ग्राम पंचायतों में सीड बॉल निर्माण की शुरुआत की गई है। वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं की सहभागिता से बड़ी संख्या में सीड बॉल तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी मानसून में विभिन्न बंजर एवं वन क्षेत्रों में फैलाया जाएगा।

सीड बॉल मिट्टी, गोबर खाद तथा स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के बीजों से तैयार की जाती है। बारिश होने पर ये बीज प्राकृतिक रूप से अंकुरित होकर पौधों का रूप लेते हैं, जिससे हरित क्षेत्र का विस्तार होता है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। जनपद पंचायत दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। अभियान के तहत आम, जामुन, करंज, नीम, इमली एवं अन्य स्थानीय प्रजातियों के बीजों का लगभग 80 हजार सीड बॉल तैयार किया जा चुका है। ग्रामीणों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सीड बॉल निर्माण में भाग लेते हुए इसे प्रकृति संरक्षण का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया। तैयार सीड बॉल्स को वर्षा ऋतु के दौरान पहाड़ी, वन एवं अनुपयोगी भूमि पर वितरित किया जाएगा।



# प्रभारी सचिव ने किया निर्माणाधीन अस्पताल का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने निर्माणाधीन जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की तेज गति और निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहे निर्माण की सराहना की।

■ तेज गति से हो रहे निर्माण कार्यों की सराहना

उन्होंने कहा अस्पताल के पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा और मरीजों को यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ,जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के, हाऊसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता प्रफुल्ल चौरे और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति की जानकारी ली और समय सीमा के भीतर काम करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस अत्याधुनिक चिकित्सालय का निर्माण एनटीपीसी लारा के सीएसआर फंड से लगभग 35 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है।





अस्पताल का भूमिपूजन 7 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री ने किया। वर्तमान में इस अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। प्रस्तावित 6 मंजिला भवन में ग्राउंड फ्लोर सहित चार मंजिलों का ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है। अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में इमरजेंसी सेवाएं, प्रथम तल पर ओपीडी, द्वितीय एवं तृतीय तल पर वार्ड, चतुर्थ तल पर आईसीयू, पंचम तल पर ऑपरेशन थियेटर संचालित होगा। यह चिकित्सालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में 15 ओपीडी, 4 आईसीयू, 4 ऑपरेशन थियेटर, फिजियोथेरेपी, पैथोलॉजी लैब, सीटी स्कैन, डायलिसिस, एक्स-रे, इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## शिक्षा समिति की बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता और योजनाओं पर मंथन

# शिक्षकों की नियमितता व जर्जर भवनों के कायाकल्प पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जनपद पंचायत की शिक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक 8 जून को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में नई शिक्षा सत्र को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति की सभापति एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष फिसलिफीना एक्का ने की। इस अवसर पर समिति की सदस्य मुन्नी अग्रवाल, निर्मला तिर्की, दासोतरा सिदार, हंस लाल सिदार, संतोषी भारद्वाज एवं कौशल्या चौहान उपस्थित रहे। बैठक में नए शिक्षा सत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शिक्षकों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही जर्जर एवं मरम्मत योग्य विद्यालय भवनों की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नित्यानंद साय छत्तर, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जगन्नाथ पाढ़ी सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### विभिन्न योजनाओं पर चर्चा


बैठक के दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे सरस्वती साइकिल वितरण योजना, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा गणवेश वितरण योजना की प्रगति और क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आगामी साला प्रवेश उत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित करने एवं अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक रणनीति तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

### सभी छात्रों को मिले योजनाओं का लाभः बीईओ

बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य ने कहा कि शासन की मंशानुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी के साथ अध्यापन कार्य करें तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति और सीखने के स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही उन्होंने सभी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

### मवेशी के हमले से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बैठे वृद्ध पर मवेशी ने हमला कर दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भलवाही निवासी सुखनाथ लाई आ. स्व. ठकुरी (65 वर्ष) शनिवार की दोपहर घर के सामने बैठ कर आम खा रहा था। इसी दौरान बैल से वृद्ध पर हमला करते हुए कुचल दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

## लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।'आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

## हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

**नई दिल्ली।** 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार

**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।'राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।'रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे। आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।



# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

### टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*__मुंबई।__ राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



### फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

### कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

### क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

### संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## खबर संक्षेप

### किसानों के नाम फर्जी ऋण प्रकरण तैयार करने का आरोप

**रामानुजगंज।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थानीय शाखा रामानुजगंज में किसानों के नाम पर कथित रूप से फर्जी ऋण प्रकरण तैयार कर धान विक्रय राशि में लाखों रूपये की कटौती करने का मामला गंभीर होता जा रहा है। मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है तथा इसे संभावित रूप से एक बड़ा वित्तीय घोटाला बताया है। अरविंद दुबे ने बताया कि विगत वर्ष जब किसानों को धान विक्रय की राशि का भुगतान करने के दौरान बड़ी संख्या में किसानों के खातों से तथाकथित ऋण की कटौती की गई। चौंकाने वाली बात यह है कि ऐसे अनेक किसानों के नाम भी ऋण दर्शाया जा रहा है जिन्होंने कभी ऋण के लिए आवेदन तक नहीं किया और न ही ऋण लिया। व्यवस्था के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधे किसानों को ऋण प्रदान नहीं करता, बल्कि सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया संचालित होती है। संबंधित समितियां किसानों के रकबे एवं पात्रता के आधार पर ऋण प्रस्ताव बैंक को भेजती हैं, जिसके बाद ऋण स्वीकृत किया जाता है। वर्तमान मामले में कई किसानों के नाम ऐसे ऋण दर्ज हैं जिनकी जानकारी स्वयं किसानों को नहीं है। पीड़ित किसानों को संबंधित समितियों द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि उन्होंने समिति से कोई ऋण प्राप्त नहीं किया है तथा उनके नाम पर कोई बकाया राशि नहीं है। इसके बावजूद जिला सहकारी बैंक इन प्रमाणपत्रों को स्वीकार नहीं कर रहा और किसानों की धान विक्रय राशि से कथित बकाया ऋण की कटौती कर रहा है। किसानों ने इस संबंध में बैंक के महाप्रबंधक तथा जिला प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई है। किसानों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं की गई है।

### फर्जी शिकायत से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** ग्राम अमड़ी निवासी स्वयंबर सिंह, कुंवर साय एवं प्रभु द्वारा गांव के ही सूरजप्रसाद गुप्ता, कैलाश गुप्ता एवं रामेश्वर सिंह के विरूद्ध मुख्यमंत्री एवं एसडीएम से फर्जी शिकायत करने से आक्रोशित ग्रामीण रविवार को पुलिस थाना पहुंचे एवं नाराजगी जताई। नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप शिकायत की जांच कराने एवं शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन देकर उन्हें घर जाने की सलाह दी।

### मजदूरों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**रामानुजगंज।** जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चाकी में निर्माणाधीनतिरया स्थल पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को तरिया के लाभ से अवगत कराया गया साथ ही क्यूआर कोर्ड स्केनिंग की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना 90 दिवस की मजदूरी, आवास निर्माण के किस्तों के भुगतान सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रोत्साहित किया गया तथा स्व-सहायता समूह समूहों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

### डॉ. जायसवाल को एफएआईजी फेलोशिप से किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर के डॉ दीपक जायसवाल को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं रोग प्रबंधन में विशेषज्ञता के लिए प्रतिष्ठित एफएआईजी (फेलोशिप ऑफ़ एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट ) अंतर्गत एडवांस डिसीस मैनेजमेंट के फेलोशिप से सम्मानित किया गया है । उक्त सम्मान 6 जून को हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी - एआईजी हॉस्पिटल में आयोजित फिजिशियन कॉन्वोकेशन समारोह में हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ डी.नागेश्वर रेड्डी के द्वारा प्रदान किया गया है।बता दें कि एआईजी अस्पताल विश्वस्तरीय एवं अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक माना जाता है, जो चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उन्नत रोग प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। डॉ जायसवाल वर्तमान में श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर में आंतरिक चिकित्सा (मेडिसिन) विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।



## अब तक पानी में डूबने से आधा दर्जन लोगों की हो चुकी है मौत

# लिब्रा वाटर फाल में हर रोज उमड़ रही लोगों की भीड़, नहीं है सुरक्षा व्यवस्था



लिब्रा वाटर फाल एवं वाटर फाल में नहाते युवा, इनसेट में लगाया गया सूचना बोर्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

भीषण गर्मी से जहां कूलर, पंखा ने जवाब दे दिया है वहीं कल कल करता स्वच्छ निर्मल जल गर्मी में राहत देने को काम कर रहा है। सुबह से ही तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान है। ऐसे में गर्मी से राहत पाने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में लिब्रा झरना पहुंच रहे है। शहर के करीब होने के कारण लोग परिवार के साथ यहां सुबह से लेकर देर शाम तक देखे जा सकते है। लिब्रा झरना में बच्चों, युवाओं व युवतियों और महिलाओं मौज मस्ती करते आसानी से देखे जा सकते है। सुंदर जलप्रपात होने के कारण अब लोगों को यह मन पसंद जगह हो गई है जहां गर्मी के मौसम में भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचने लगे है। लेकिन सुरक्षा के अभाव होने के कारण यह लोगों के लिए खतरनाक है। दो साल पूर्व झरना में एक युवती डूबने से मौत हो चुकी है जिसके बाद लिब्रा झरना में लोगों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन अब लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है और पुनः पिछले माह दो युवकों के डूबने से मौत हो गई। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

शहर से लगभग 12 किलोमीटर की दूर स्थित लिब्रा झरना है जहां मई व जून के महीने में लोगों की काफी भीड़ उमड़ती है। मई महीने में 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान होता है। ऐसे में झुलसा देने वाली तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ने से लोगों को लिब्रा झरना में आने के बाद काफी सुकून मिलता है। सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में लोग स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। शहर के समीप होने के कारण शहर के लोगों का आकर्षण का केंद्र बनते जा रहा है। लिब्रा झरना के प्रति बढ़ते रुझान है लोगों को पत्थरों से टकराते हुए ऊंचाई से जब पानी की तेज धारा नीचे गिरती है तो सफेद मोती अदृश्य नजारा, सम्मोहन, हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। लोगों को यहां कल कल करती पानी के धारा से जो आनंद मिलता है वह किसी स्विमिंग पूल में शायद ही मिले। गर्मी के इस मौसम में ही लिब्रा झरना अपने रंगत में है। झरने से बहने वाली पानी की धारा पतली भी नहीं हुई है। घुनघुट्टा श्याम परियोजना के तहत निर्मित बांध के वेस्ट क्लियर से बहने वाली पानी इस झरने में आता है। जलाशय से निकलने वाले नहर के पकी होने के कारण नहर के बजाय अपनी वेस्ट बियर की हिस्सों में ही पानी बह रहा है। गर्मी में झरना अपनी खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है और ग्राम पंचायत करजी के निकट स्थित लिब्रा झरना का स्वच्छ निर्मल जल और सौंदर्य इस बात को प्रमाणित करता है कि सौंदर्य के आकर्षण से ही खूबसूरत स्थल का जन्म होता है यही कारण है कि इस सुंदरता को प्रभावित लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

**खास बातें**

- भीषण गर्मी में राहत पाने परिवार के साथ पहुंच रहे लोग
- पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है लिब्रा झरना

### सुरक्षा का अभाव, हर साल होती है मौत

लिब्रा झरना अब लोगों का मन पसंद जगह में एक बन गया है। ऐसे में हर मौसम में लोग बड़ी संख्या में यहां आते है। लिब्रा झरना में लोगों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं है। झरना से पानी गिरने के कारण नीचे काफी गड्ढा है जहां हर समय डूबने की संभावना बनी रहती है। हालांकि परिवार के साथ आए लोग अपने बच्चों का ख्याल रखते है लेकिन युवा मनोरंजन के लिए आते है जो उनके लिए काफी खतरनाक है।

#### प्रशासन ने लगाया था प्रतिबंध

हर वर्ष गर्मी के मौसम में लिब्रा झरना लोगों की भीड़ उमड़ती है। दो वर्ष पूर्व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं होने के कारण लिब्रा झरना में एक युवती के डूम जाने से मौत हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने लिब्रा झरना में लोगों को जाने से प्रतिबंध लगा दिया था। लगभग दो साल बाद पुनः अब लिब्रा झरना में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है जबकि आज भी यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### शराबियों का बना अड्डा

लिब्रा झरना सूनसान पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण अब शराबियों का अड्डा बन गया है। युवा नशा खोरी करने के बाद कांच के बोतल को झरना में ही फेंक देते है जिससे यहां स्नान करने वाले लोगों के पैर में चूबने का खतरा होता है। पुलिस के तैनात नहीं होने के कारण आसपास के ग्रामीण हडीया शराब लेकर पेड़ के नीचे बेखौफ होकर बिक्री करती है।

#### हर साल होती है मौत

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2019 और उसके बाद कोरोना काल के दौरान सोशल मीडिया ने इस जलप्रपात को नई पहचान दिलाई। युवाओं द्वारा यहां की तस्वीरें और वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए जाने लगे। जिसके बाद लोगों की भीड़ हर साल उमड़ने लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक 2019 से लेकर 2026 तक यहां डूबने की कई घटनाएं हो चुकी हैं और लगभग आधा दर्जन लोगों की जान चली गई है। कई मामलों में लोगों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन गहराई और तेज जल प्रवाह के कारण सफलता नहीं मिल सकी। कुछ घटनाओं में शवों को घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

#### लिब्रा वाटरफॉल है क्षेत्र है प्रतिबंधित

लिब्रा वाटरफॉल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। इसके बावजूद लोगों के वहां जाने की जानकारी मिली है। पुलिस को निर्देश दिए गए है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

-वन सिंह नेताम, एसडीएम

## 20 साल बाद लौटा वॉलीबॉल का जुनून : प्रतापपुर में रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- उद्घाटन मैच में प्रतापपुर ने आईटीआई को हराया



नगर के बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड में दो दशक बाद आयोजित रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। लंबे समय बाद नगर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों और दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

अतिथियों ने वॉलीबॉल ग्राउंड का फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने आयोजन समिति को सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उद्घाटन मैच प्रतापपुर और आईटीआई टीम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतापपुर की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजयी आगाज किया। प्रतियोगिता को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

लगभग दो दशक बाद प्रतापपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है, वहीं दर्शकों को भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विशेष बात यह है कि पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रिकालीन स्वरूप में किया गया है, जिससे खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मैदान पहुंच रहे है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, मुकेश तायल, खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, अनिल जायसवाल, अरविंद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, नंदलाल तिवारी, डीआर तिग्गा, अंकुश वर्मा, योगेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, तरुण भौमिक, आनंद शुक्ला, किरण जायसवाल, अफजल सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप

**ओड़गी।** ब्लॉक मुख्यालय में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो रहे महतारी सदन भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।स्थानीय ग्रामीणों और दानी पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में कमजोर ईंट, निम्न स्तर का सीमेंट तथा गुणवत्ता विहीन सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी के बावजूद निर्माण स्थल पर आवश्यक पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा और ईंटों को भी पर्याप्त रूप से भिगोकर उपयोग नहीं किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार क्योरिंग और ईंटों को भिगोना भवन की मजबूती के लिए बेहद आवश्यक प्रक्रिया है। इसकी अनदेखी से भवन की आयु और मजबूती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की नियमित तकनीकी निगरानी नहीं होने से ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




संकल्प भवन में शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्षों के उपलब्धियों पर चर्चा की गई साथ ही किसानों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ.अम्बिकेश केशरी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और भाजपा सरकार किसानों के सम्मान तथा समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं को सेवा और जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष अनिल उरांव निराला ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे। बैठक को जिला महामंत्री अरूणा सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन अनिल तिवारी तथा आभार प्रदर्शन महेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान जन्मेजय मिश्रा, रूपेश दुबे, निलेश सिंह, डॉ.पूर्णिमा सिंह, जीतेश्वर पाठक, कुणाल सिंह, अजीत सिंह, विक्की सोनी आदि उपस्थित थे।



## भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में शहर मंडल की कामकाजी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही। जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने कहा कि आगामी कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि जनता के बीच संगठन की विचारधारा और उपलब्धियों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने तथा नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने की बात कही। जिला महामंत्री किसान मोर्चा अजय अग्रवाल अज्जू ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना ही एक कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के बीच लगातार संवाद बनाए रखने तथा जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने दिया, मंच संचालन मंडल महामंत्री नीरज जिंदिया बंटी ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद तायल ने किया। बैठक में शिव शंकर साहू, सरोज साहू, असरफ एराकी, कौशल्या सिंह, हिमांशु जैन, अजय सिंह, प्रदीप सोनी, प्यारेलाल साहू, भोला शंकर साहू, बजरंग राजवाड़े, देवमुनिया साहू, ज्योति देवांगन, अनीता गुप्ता, धनसाय सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, भूपेंद्र राजवाड़े, जितेन्द्र शर्मा, संदीप जायसवाल, शेखर साहा, धरम सोनी, उगेन्द्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## चार लोगों ने किया बीजेपी प्रवेश

**पोड़ीमोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर शक्ति केन्द्र खोरमा में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष है ऐसे में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ काम करें और जन-जन तक शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें जिससे कोई भी व्यक्ति लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में बनारस मार्ग में धूल का गुब्बारा उड़ता था। जगह-जगह गड्ढे थे। सड़क की स्थिति इतनी खराब थी कि लोगों का सफर करना काफी मुश्किल था। विधायक बनते ही सबसे पहले सड़क को ही बनवा दी।



प्रथम पुण्यस्मरण

सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमन: 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय समाज सम्मेलन में शामिल हुए वित्त मंत्री



**रायगढ़।** धमतरी जिले के ग्राम छाती में कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित विशाल सम्मेलन में सामाजिक एकता, शिक्षा और विकास पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने समाज को सरकार की विकास योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुर्मी.क्षत्रिय समाज सदियों से अन्नदाता और रक्षक की दोहरी भूमिका निभाता आया है। आज समय की मांग है कि हम अपनी पारंपरिक मेहनत और अनुशासन को शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता से जोड़ें। गांव का बेटा जब कलेक्टर बनेगा और बेटी डॉक्टर बनेगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ और देश के विकास में समाज का अधिकतम योगदान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री चौधरी ने 4 सूत्र बताए जिनमें शिक्षा समिति का गठन, कृषि आधारित उद्योग, सामाजिक समरसता और छत्रपति शिवाजी महाराज व राजा राम चंद्र के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा के सूत्र शामिल थें। उद्बोधन के अंत में जब उन्होंने श्राजा राम चंद्र की जयश और श्छत्रपति शिवाजी महाराज की जय का उद्घोष किया तो पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा।

### हत्या करने वाले जीजा को आजीवन कारावास

**रायगढ़।** पारिवारिक विवाद के दौरान अपने साले की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी जीजा को अदालत ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी दाताराम सारथी को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई है। आरोपी दाताराम सारथी का विवाह उर्मिला सारथी के साथ हुआ था। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से संबंध सामान्य नहीं थे, जिसके कारण उर्मिला अपने मायके पत्थलगांव खुर्द में रह रही थी। इसी दौरान उसने एक पुत्र को जन्म दिया था और बच्चे के साथ मायके में ही रह रही थी। एक मई 2022 की शाम आरोपी दाताराम सारथी अपने ससुराल पहुंचा। वहां उसने अपने करीब एक वर्ष के बेटे को पत्नी से छीनकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। पत्नी उर्मिला, उसकी भाभी और भतीजी ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन आरोपी बच्चे को लेकर घर से निकल गया और मुख्य सड़क की ओर बढ़ने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर उर्मिला का भाई महेश सारथी वहां पहुंचा और आरोपी को बच्चे को ले जाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शांति व सौहार्द्र का ...

सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी एवं एसएसपी ने ग्रामीणों से वन-टू-वन चर्चा की तथा उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। कई ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की, जिन पर डॉ. सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि गांव अथवा आसपास के क्षेत्र में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध कार्य, असामाजिक तत्वों की गतिविधि या कोई अपराध घटित होता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एमएसपी डॉ.सिंह ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। अधिकांश लोग जिज्ञासा, दोस्तों के दबाव, गलत संगति अथवा शौक के रूप में नशे की शुरुआत करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत लत में बदल जाती है। नशा व्यक्ति की मानसिक एवं शारीरिक क्षमता को प्रभावित करता है, उसकी निर्णय लेने की क्षमता कमजोर करता है तथा परिवार एवं समाज में आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें, अपने माता-पिता एवं परिवार का सम्मान करें तथा शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में अपना समय लगाएं।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

# अनुसूचित जाति, जनजाति समुदायों के समग्र विकास को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों के अध्ययन एवं समीक्षा के लिए ऊटी में आयोजित संसदीय समिति के अध्ययन दौरे में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान समिति की बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के कल्याण और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रभाव और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक किस प्रकार पहुंच रहा है तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे किया जा सकता है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर योजनाओं की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में संसदीय समिति के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते सहित समिति के सभी सदस्य सांसद एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर प्राप्त सुझावों और निष्कर्षों के आधार पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में आगे की रणनीति पर भी विचार किया गया।



अध्ययन दौरे पर पहुंची संसदीय समिति की टीम।

#### सामाजिक न्याय सरकार की प्राथमिकता : देवेंद्र

बैठक के दौरान सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही इससे वंचित न रहे।

## हत्या और लूट के आरोपी को सात साल सश्रम करावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या और लूट के आरोपी अस्मित नाग को सात साल के सश्रम करावास की सजा सुनाई तथा अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश दिया। अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला थाना घरघोड़ा के स्थानीय पेट्रोल पंप गोमती फ्यूल्स कसैया में 28 अप्रैल 2024 को रात करीब 11-12 बजे पेट्रोल पंप के आफिस में कर्मचारी राजकुमार यादव और उमेश यादव सो रहे थे।

पंप का मालिक खीरू राय अपने कार्यालय के कम्प्यूटर में कुछ काम कर रहा था। उसी दौरान अभियुक्त अस्मित नाग सीधा कार्यालय के अन्दर जाकर खीरू राय से पैसे रखने वाला बैग उठा कर बाहर जाने लगा। उसके इरादे को भांप कर खीरू राय उससे बैग छीनने लगा। बैग को कहां ले जा रहे हो कहते हुए अभियुक्त के सामने आ गया तभी अभियुक्त खीरू राय के पेट में चाकू से दो बार हमला कर दिया और घरघोड़ा शासकीय कालेज की तरफ अंधेरे में भाग गया। पंप में सोये दोनों कर्मचारी हल्ला सुन कर उठे और अपने मैनेजर को जगाए तथा आहत खीरू राय को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रायगढ़ रिफर किया गया था। प्रार्थी राजकुमार यादव की सूचना के आधार पर थाना घरघोड़ा के तत्कालीन उप निरीक्षक ने विवेचना प्रारंभ की तथा संदेही अस्मित नाग से पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। विवेचना पूर्ण होने पर अभियुक्त के विरुद्ध चालान तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी साक्षियों के कथन दर्ज कर उभय पक्ष के तर्क सुनने करने के पश्चात अभियुक्त अस्मित नाग को धारा 458, 394 एवं धारा 307 के तहत दोषी पाते हुए पृथक पृथक धारा में 7-7 साल के सश्रम करावास की सजा सुनाई तथा एक-एक हजार के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश सुनाया। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

## बूथ स्तर को मजबूत और सक्रिय बनाने की बनी रणनीति, कार्यकर्ता जुटे



**रायगढ़।** रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सियारपाली में रमाकांत राठिया के निवास पर लोईंग भाजपा मंडल कार्यसमिति की महत्वपूर्ण मासिक बैठक लोईंग भाजपा मंडल प्रभारी पावन अग्रवाल ने ली। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा मंत्री एवं लोईंग भाजपा मंडल प्रभारी पावन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और बूथ स्तर की मजबूती पर आधारित है। उहोने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने सफल 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इन 12 वर्षों में सरकार ने देश के विकास को एक नई ऊंचाई दी है। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्योंए जनकल्याणकारी योजनाओं और देशहित में लिए गए बड़े फैसलों की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार से साझा किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।


## 8 साल से बीमार महिला का हुआ आधार अपडेट

**सारंगढ़।** 8 साल से बिस्तर में पड़े पत्नी का आधार अपडेट हो गया। गले की हड्डी टूट जाने के कारण लगभग 8 सालों से बिस्तर पर जीवन जीने को मजबूर एक महिला का आधार अपडेट करने पति ने कलेक्टर जन दर्शन में आवेदन दिया था। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया था। कलेक्टर जनदर्शन में महिला के आधार अपडेट के लिए उसके पति के आवेदन पर कलेक्टर के निर्देशन में ई.गवर्नेंस की टीम उसके घर पहुंची थी। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस गंगाधर विश्वकर्मा के अनुसार इस लाचार महिला के दैनिक कार्य भी दूसरों के भरोसे होते हैं। वर्तमान समय में सबसे जरूरी आधार की पहचान कैसे पायें यह उसके सामने एक बडी समस्या थी। ग्राम सेमरिया निवासी अशोक सोनवानी ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर बताया था कि उनकी पत्नी पिछले 08 वर्षों से बिस्तर पर हैं और चल फिर नहीं सकतीं। कलेक्टर द्वारा आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ई गवर्नेंस की टीम को दिव्यांग के घर जाकर आधार अपडेट करने के निर्देश दिए गए जिसके बाद बुधवार को टीम अपना पूरा सेटअप लेकर महिला के घर पहुंची और सारी प्रक्रिया पूरी करवाई।

# सुशासन तिहार में प्रशासन की संवेदनशील पहल वृद्धजन और दिव्यांगजन को मिले सहायक उपकरण

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित समाधान शिविरों में प्रशासन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न विकासखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को वॉकरए वॉकिंग स्टिक तथा श्रवण यंत्र प्रदान कर उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

विकासखंड धरमजयगढ़ के बाकारूमा में 2 जून को आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्षा एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बालकपोड़ी बाकारूमा निवासी शिवप्रसाद, सिसरिंगा निवासी बंकट सिंह राठिया तथा चरखापारा बाकारूमा निवासी गुलाब को वृद्धजन छड़ी प्रदान की गई। इसी प्रकार 3 जून को लैलूंगा विकासखंड के ढोरोंबीजा में आयोजित शिविर में वरिष्ठ नागरिक देवसिंह सिदार एवं पेतराम सिदार को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई।



वहीं बैस्कीमुड़ा निवासी दिव्यांग हितग्राही सेवन कुमार चौहान को भी चलने.फिरने में सुविधा हेतु वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई। 4 जून को खरसिया विकासखंड के छोटे मुड़पार में आयोजित शिविर में भैनापारा निवासी तुषार रौतिया को डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। वहीं कुशवाराम सिदारए अघोरी दास महंतए भोकलो पटेल एवं नान्हूराम पटेल को समायोज्य वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। 5 जून को धरमजयगढ़ विकासखंड के छाल में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में सांसद राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत सदस्या रजनी राठिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के करकमलों से छाल निवासी श्रीमती मनकुंवर महंतए श्रीमती गुरबारी राठिया तथा नवापारा छाल निवासी श्रीमती गंगाबाई पटेल को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। 6 जून को जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत तारापुर में आयोजित शिविर में ग्राम नंदेली निवासी हुलसराम मालाकार के आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें एक वॉकर एवं एक वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। इसी प्रकार गनपत यादव को समायोज्य वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई। चलने फिरने में असमर्थ हितग्राही को जनप्रतिनिधियों द्वारा मंच से उतरकर वॉकर प्रदान किया गयाए जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

शिविरों के दौरान समाज कल्याण विभाग के उग्रसेन पटेल द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। उन्होंने दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रियाए दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना तथा क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत संचालित उच्च शिक्षा प्रोत्साहन, सिविल सेवा प्रोत्साहन एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनाओं के संबंध में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन उपकरणों से उनकी दैनिक गतिविधियां सुगम होंगी तथा उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहायता मिलेगी। सुशासन तिहार के शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं।

## नींव के गड्ढे में गिरे गोवंश को बचाया



**पुसौर।** तेज आंधी बारिश से पहले जनपद पंचायत कार्यालय के सामने लापरवाही भारी पड़ते-पड़ते टल गई। अनिरुद्ध मेहर द्वारा मकान निर्माण के लिए खोदे गए नींव के गड्ढे में एक गाय गिर गई थी। गाय लगभग 3 घंटे तक गड्ढे में फंसी रही, लेकिन नगर अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि व अन्य लोगों के अथक प्रयास से उसकी जान बचा ली गई। घटना की जानकारी पड़ोस के रहवासी प्रवीण गुप्ता को तब हुई जब उन्होंने गोवंश के रंभाने की आवाज सुनी। प्रवीण ने तुरंत नगर के प्रमुख मोहित सतपथी को सूचना दी। उन्होंने देर न करते हुए अंशु साव, बड़े हल्दी के पूर्व सरपंच सुधांशु साहू सहित आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। मामले की नजाकत को देखते हुए सभी लोग तत्काल घटनास्थल पहुंचे। इस बीच बारिश शुरू हो जाने से कुछ देर इंतजार करना पड़ा। बारिश थमते ही जेसीबी मंगवाई गई। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से गड्ढे की मेड़ हटाई गई और फंसी गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गोवंश को सकुशल बाहर आने के बाद नगर अध्यक्ष मोहित सतपथी और अंशु साव ने अनिरुद्ध मेहर के परिजनों को सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य के लिए खोदे गए नींव गड्ढों की तुरंत घेराबंदी की जाए ताकि कोई भी मवेशी या बच्चा वहां न गिरे।

## एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**रायगढ़।** देश के अग्रणी इस्पात एवं ऊर्जा उत्पादक संस्थानों में से एक एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को प्रतिष्ठित आईआईएनए 2026 अवार्ड समारोह में दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह समारोह नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के उद्योग जगत, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समारोह में एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, कुशल प्रबंधन तथा औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड को विनिर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार, गुणवत्ता, सतत विकास एवं औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया। एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड ने इस सम्मान के लिए आईआईएनए 2026 के आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी आने वाले समय में भी गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी तथा देश के औद्योगिक विकास में उसके योगदान को और सशक्त बनाएगी।




## एक जड़ दो पेड़, एक आम तो दूसरा नीम दे रहे मीठे और कटु अनुभव का संदेश



**बरमकेला।** प्रकृति अक्सर ऐसे दृश्य रच देती है जो बिना शब्दों के भी जीवन का गहन संदेश दे जाते हैं। यह तस्वीर भी ऐसा ही एक संदेश समेटे हुए है। एक ही जड़ से जुड़े आम और नीम के वृक्ष, ऊपर जाकर भले ही अलग अलग दिखाई देते हों, किंतु उनका आधार एक ही है। आम अपने मधुर फलों और सुखद गुणों के लिए जाना जाता है, जबकि नीम अपनी कड़वाहट के बावजूद औषधीय एवं जीवनदायी गुणों के लिए प्रसिद्ध है। दोनों वृक्षों का एक साथ विकसित होना मानव जीवन की उन परिस्थितियों का प्रतीक है जिनमें सुख और दुःख, अनुकूलता और प्रतिकूलता साथ साथ विद्यमान रहते हैं। जीवन के मधुर अनुभव आम की तरह आनंद, उत्साह और संतोष प्रदान करते हैं, वहीं कड़वे अनुभव नीम की भाँति हमें धैर्य, संघर्ष और सीख का अमूल्य उपहार देते हैं। यदि सुख हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, तो कठिनाइयाँ हमें मजबूत और परिपक्व बनाती हैं। एक ही जड़ से जुड़े ये दोनों वृक्ष मानो यह संदेश दे रहे हैं कि जीवन की पूर्णता केवल सुख में नहीं, बल्कि सुख और दुःख दोनों को स्वीकार कर उनसे सीखने में है।

### खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक गोष्ठी

# गोढ़ी के किसानों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड तमनार के ग्राम गोढ़ी में कृषक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को हरी खाद के उपयोग, बीजी, ब्लू ग्रीन एल्गी खाद, जैविक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा खरीफ मौसम की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है। खेतों की उत्पादकता एवं मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए हरी खादए जैविक खाद तथा जैव उर्वरकों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व बीज उपचार, मृदा परीक्षण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना तथा वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इसके तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, उन्नत बीजों का उपयोग, हरी खाद, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा जल संरक्षण आधारित खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषक चर्चा के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि यंत्रीकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों ने अभियान के उद्देश्यों की सराहना करते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा मिट्टी की उर्वरता संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



## घरघोड़ा बस स्टैंड में वाटर फ्रीजर की सुविधा

**घरघोड़ा।** भीषण गर्मी के बीच आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घरघोड़ा मुख्य बस स्टैंड में वाटर फ्रीज़र शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान बेग द्वारा विधायक लालजीत सिंह राठिया के सहयोग से मुख्य बस स्टैंड परिसर में वाटर फ्रीजर वाटर कूलर स्थापित कराया गयाए जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों, मजदूरों, ग्रामीणों, व्यापारियों एवं नगरवासियों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

ज्ञात हो कि घरघोड़ा बस स्टैंड क्षेत्र नगर का प्रमुख आवागमन केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। गर्मी के साथ साथ हर मौसम में शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता को समझते हुए यह जनहितकारी पहल की गई है, जिसे स्थानीय नागरिकों ने सराहनीय कदम बताया है। इस अवसर पर उस्मान बेग ने कहा कि जनसेवा का वास्तविक अर्थ लोगों की जरूरतों को समझकर उनके समाधान के लिए कार्य करना है। प्यासे को पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य और मानवता की सच्ची सेवा है। इससे पूर्व भी उस्मान के प्रयास से घरघोड़ा कालेज, लाइब्रेरी और अन्य मुख्य स्थानों पर ऐसा प्रयास किया गया है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शर्माए पूर्व अध्यक्ष ऋषि मित्तल, वरिष्ठ नेता सोमदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद धनेश्वर साहू, ब्लॉक महामंत्री लीलाधर साहू, पार्षद संजय डोंडे, पार्षद तिलेश्वर पैंकरा, पार्षद प्रतिनिधि नारायण शर्मा, पूर्व पार्षद सरोज एक्का, पूर्व पार्षद अभिताभ लहरे पप्पू, जिला उपाध्यक्ष आदित्य दासे, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष शिवम गुप्ता मौजूद रहे।

